प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 11.06.2025 (दोपहर–1455 बजे)

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने झारखंड संशोधन विधेयक 2021 को अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है, जो तंबाकू उत्पादों के विज्ञापन और व्यापार से संबंधित है। यह विधेयक झारखंड विधानसभा द्वारा पारित कर राज्यपाल के माध्यम से राष्ट्रपति को भेजा गया था। राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद विधेयक राज भवन को प्राप्त हो गया है।

*******************

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विशाखापट्टनम से सुबह साढ़े 6 बजे देश भर को संबोधित करेंगे, जिसके बाद योग कार्यक्रम आयोजित होगा। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने मीडिया संस्थानों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री के संबोधन का लाइव प्रसारण अपने चैनलों पर करें। इसके बाद मीडिया संस्थान अपने परिसरों में योग कार्यक्रम आयोजित कर सकते हैं, जिसके लिए ऑनलाइन पंजीकरण की सुविधा उपलब्ध है। आयोजन के उपरांत संस्थान अपने प्रमाणपत्र भी डाउनलोड कर सकेंगे।

*******************

पांच देशों के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने वाले जनता दल (युनाइटेड) सांसद संजय झा ने कहा है कि प्रतिनिधिमंडल ने अपनी विभिन्न बैठकों के दौरान ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के खिलाफ भारत के कड़े रुख को प्रभावी ढंग से व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने इंडोनेशिया, मलेशिया, दक्षिण कोरिया, जापान और सिंगापुर का दौरा किया जो काफी सफल रहा।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से रांची स्थित राजभवन में पूर्व मंत्री बंधु तिर्की के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मुलाकात कर विभिन्न विषयों पर ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने अंगीभूत महाविद्यालयों में इंटरमीडिएट नामांकन, उच्च शिक्षा में सुधार और जनजातीय समाज के शिक्षाविदों के साथ संवाद की मांग की। साथ ही, राज्य में भूमि के अवैध हस्तांतरण पर चिंता जताते हुए संवाद कर कार्रवाई का सुझाव दिया। शिष्टमंडल ने विश्वविद्यालयों में कुलपति पद पर स्थानीय व्यक्तियों की नियुक्ति का आग्रह भी किया।

*******************

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत जामताड़ा जिले के सभी छह प्रखंडों में कृषि वैज्ञानिकों के दल द्वारा किसानों से सीधा संवाद किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

*******************

झारखंड हाईकोर्ट में 11वीं जेपीएससी परीक्षा में असफल रहे राजेश प्रसाद और अन्य 53 अभ्यर्थियों की याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने जेपीएससी से जवाब मांगा और अगली सुनवाई के लिए 21 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। जिन अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, सभी पीटी में पास कर गए थे लेकिन मेन्स परीक्षा में असफल रहे थे। प्रार्थियों ने अपनी याचिका में मेरिट लिस्ट को रद्द करते हुए आंसर शीट की दोबारा जांच की मांग की है।

*******************

लातेहार के चंदवा (टोरी) रेलवे कोल साइडिंग में अज्ञात अपराधियों ने फायरिंग की, हालांकि कोई हताहत नहीं हुआ। आशंका जताई जा रही है कि यह घटना लेवी वसूली को लेकर किसी अपराधी गिरोह द्वारा अंजाम दी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और इलाके में सर्च अभियान जारी है।

*******************

राज्य में 16 जून तक हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश और 40 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की संभावना है। मौसम विभाग ने यह जानकारी उत्तर–पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उत्तरी छत्तीसगढ़ में बने निम्न दबाव के कारण दी है। पिछले 24 घंटे में राज्य में सबसे अधिक 38.8 मिलीमीटर बारिश पूर्वी सिंहभूम के चाकुलिया में हुई। वहीं सबसे अधिक तापमान डालटेनगंज में 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

*******समाप्त********